Shree Brahmakshar Prakash

OR

THE HINDI SHORTHAND MANUAL

BEING

A PRACTICAL AND UP-TO-DATE SYSTEM OF SHORTHAND ADAPTED FROM SIR ISAAC PITMAN'S SYSTEM

DEVELOPED BY

RADHELAL TRIVEDI,
SHORTHAND REPORTER,
UNITED PROVINCES POLICE.

All rights reserved.

FIRST EDITION
500 COPIES.

Price 2/8.

Printed by Khwaja Saddiq Hussain at the Agra Akhbar Press,
Agra and published by the author.

PREFACE.

Since I qualified myself in Urdu Shorthand in the Lucknow Christian School of Commerce, I always experienced some difficulty in following speakers using a large number of Sanskrit words. Consequently I set about to adapt the Isaac Pitman System of shorthand to the Hindi Language. In the following pages the results of my study and practical experience are laid down and I trust that by going carefully through them a shorthand writer will feel no difficulty in following a speech studded with a large number of Sanskrit words and quotations from Sanskrit Scriptures.

I take this opportunity of expressing my gratitude to Sir Isaac Pitman and Sons, Ltd. Bath, England, for their kind permission to let me use their shorthand signs, portions and extracts from their Copy right Text books for the purposes of this book.

All through the book I have kept one object in view *i.e.*, the students, working on the Pitman system either in English or Urdu, may find it easy to pick up Hindi shorthand with the least possible delay.

I have taken the liberty to introduce the views of my dear father Pandit Jwala Pershad Trivedi, that every thing in the world is an evolution of Om and I trust the readers will find them interesting and instructive.

Needless to add that this system has been worked by me for several years and I have not only found it useful but efficient and reliable.

AGRA,
18th April 1925.

RADHELAL TRIVEDI.

A Note on the System of Hindi Shorthand.

This work is an improvement on the system of Urdu shorthand which suffers from a defective *vernmala* having sometimes several characters for similar sounds in Hindustani—it has got separate characters to represent kha (کھ) kha (خ) ga (گ) gha (غ) ja (ج) za (ز) and again za (ژ) pha (پھ) fa (ف) while there are no characters for some of the most important sounds *e.g.*, sya (स्य) shya (श्य) swa (स्व) shwa (श्व) vaya (वाया) yawa (यव) gya (ज्ञ) ksha (क्ष) mam (मं) which so frequently occur in Hindustani. It has also an *f* hook, although there are only a few words having *f* at their end. The grammalogues, too, in Urdu shorthand, do not contain all the words for which logograms ought to have been provided *e.g.*, there are no logograms for *aiye* (آئے) vyakhyan (ویا کھیان) *Chanda* (چندہ) deputation (ڈیپو ٹیشن) khandan (کھنڈن) Mandli (منڈلی) Sabhapati (سبھا پتی) honorary (آنریری) volunteer (والنٹیر) lecture (لیکچر) resolution (رزولیوشن) angrez (انگریز) angrezi (انگریزی), etc., although there have been included a number of grammalogues seldom used in speech *e.g.*, fizamanna (فی زمانہ) chande (چندے) madude chand (معدودے چند) janaba (جنابہ) filbadih (فی البدیہہ), etc.

The fourteen fundamental characters of this system represented by the seven *sutras* and their shorthand equivalents (page 11) enable the student at once to master the *vyanjans* of Hindi shorthand. This coupled with the knowledge of *swars* (pages 18 and 30) is sufficient to enable any student of ordinary intelligence to write shorthand correctly at the rate of 80 words per minute.

The further chapters on circles, loop, hooks, halving and doubling principles then become an easy study on account of the interest in the subject the student begins to feel on his every day progress and after finishing the

chapters on Prefixes, Suffixes, Grammalogues, Contractions and Phraseography he should feel no difficulty in taking down any speech at the rate of 150 words per minute.

The grammalogues of this system have been selected from among the words most frequently used in speech and the outlines of which are tedious; so that by memorizing them a student has a great advantage when he has to take down a lecture in vernacular.

The adoption of the *ya* hook instead of the *f* has given simple outlines for a large number of words having *ya* sound at their end.

The elimination of unnecessary characters and the introduction of important ones has enabled the system correctly to record all sounds occurring either in Hindi or Urdu.

Among the most important improvements, not found in Urdu Shorthand and which have contributed to make the outlines of this system more simple and easy than those of the Urdu Shorthand, may be mentioned; the adoption of the Hindi system of teaching ***vyanjans*** and ***swars***, the joining of the dipthongs (pages 30, 31) the joining of the termination *wat*, the introduction of the triphone and the adoption of the *ya* hook instead of the little used *f*. All these improvements and various other devices adopted from the Pitman's system have greatly simplified the study of this system and given it a decidedly higher place than any other rival system either in Hindi or Urdu.

The opinions of a number of competent authorities on Shorthand as well as on the Hindi and Sanskrit Literatures given in the end are enough to prove the great usefulness of this book.

RADHE LAL TRIVEDI,
SHORTHAND REPORTER,
United Provinces Police.

ALLAHABAD.
Dated the 23rd September, 1925.

ॐ नमः शिवाय।

कैलास पीठासन मध्य संस्थं
भक्तैः सनंदादि भिरर्च्य मानम्।
भक्तार्त्ति दावानल मप्रमेयं
ध्यायेत् उमालिङ्गित विश्व भूषम्।
ध्यायेन्नित्यं महेशं रजत गिरि निभं
चारु चन्द्रा वतंसं।
रत्ना कल्पो ज्वलाङ्गं परशु मृग वरा-
भीति हस्तं प्रसन्नम्।
पद्मासीनं समंतात्स्थित ममर गणै-
र्व्याघ्र कृत्तिं वसानम्।
विश्वाद्यं विश्व बीजं निखिल भय हरं
पंच वक्त्रं त्रिनेत्रम्।

यह शिव पार्वती चित्र

ॐ

का सगुण दर्शन है। देखिये त्रिगुणात्मक ब्रह्म का 3 संकेत है और O शक्ति का संकेत है।

त्र्यम्बकं यजामहे त्रैलोक्यं पितरं प्रभुम्।
त्रिमंडलस्य पितरं त्रिगुणस्य महेश्वरम्॥
त्रितत्वस्य त्रिवह्निश्च त्रिधाभूतस्य सर्वदा।
त्रिदिवस्य त्रिबाहोश्च त्रिधाभूतस्य सर्वदा॥
त्रिदैवस्य महादेव सुगंधिं पुष्टि वर्धनम्।
सर्वभूतेषु सर्वत्र त्रिगुणेषु कृतो यथा ॥
त्रिदलं त्रिगुणाकारं त्रिनेत्रञ्च त्रियायुधम्।
त्रिजन्म पाप संहारं बिल्वपत्र शिवार्पणम्॥

शिव पुराण।

उपरोक्त विषय स्पष्ट है । धार्मिक विद्वानों को ज्ञात है। जिन महाशयों को इसमें अविश्वास होवे कृपाकर शिव पुराण तथा अन्य धार्मिक ग्रन्थों का अवलोकन करें। वहां पर यह विषय बड़ी मनोहरता से वर्णन किया गया है।

इसी ओंकार का सगुण ध्यान श्रीगोस्वामी तुलसीदासजी इस प्रकार करते हैं:

वामाङ्के च विभाति भूधरसुता देवापगा मस्तके।
भाले बाल विधुर्गले च गरलं यस्योरसि व्यालराट्।

सोयम् भूति विभूषणः सुर वरः सर्वाधिपः सर्वदा ।
शर्वः सर्व गतः शिवः शशि निभः श्री शङ्करः पातु माम् ॥

वाम अङ्ग में जो पार्वती जी की स्थिति है सो उसका कारण चित्र पर विचार करने से स्पष्ट होजायगा क्योंकि सगुण रूप कल्पना करने पर शक्ति का स्वरूप बायें पर आता है। सृष्टि में भी देख लीजिये प्रत्येक योनि के जीवों में स्त्री बायें पर ही बैठती है ॥ यही नियम मनुष्य मात्र में प्रचलित है परन्तु इसका कारण खोजने के लिये ॐ का ध्यान अत्यावश्यक है।

सगुण ॐ शिव स्वरूप का प्रथम मन्त्र "ॐ नमः शिवाय" है। यदि ब्रह्माक्षर लेख अथवा शार्ट हेंड में लिखा जावे तो इस प्रकार लिखा जायगा, कारण कि मन्त्र तो सगुण ब्रह्म का सूचक है और ॐ निर्गुण का, पर बुद्धिमान जानते हैं "निर्गुण सगुण होइ नहिं भेदा" मंत्र और शार्ट हेंड दोनों ॐ से प्रगट हुए हैं। और उसी लिङ्ग ॐ (लयनात् लिङ्ग मित्युक्तम् तत्रैव निखिलं जगत) में लय होजाते हैं।

संसार के बीज स्वरूप शिवा शिव का सूक्ष्म चिन्ह है*। इसी चिन्ह का दीर्घ रूप है। इन्हीं चिन्हों से समस्त संसार की सामिग्री प्रकट हुई है। वर्णमाला और अंक भी इन्हीं चिन्हों से बने हैं॥

---

* लिखने की आवश्यक्ता नहीं है कि यही चिन्ह सीताराम को प्रकट करता है। गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं:—

एक छत्र (ँ) एक मुकट मणि (ं) सब वर्णन पर जोय।
तुलसी सीताराम के वर्ण बिराजत दोय ॥

अर्थात् जैसे मकार और रकार के चिन्ह अक्षरों पर लगजाने से उन

इन्हीं चिन्हों [ ] को अष्ट दिशाओं में लिखने से यह द्वादश रूप सिद्ध होते हैं:—



(१) (२) (३) (४)



(५) (६) (७) (८) (९) (१०) (११) (१२)

शेष दो दिशाओं अर्थात् आकाश व पाताल के दो चिन्ह बिन्दु नाद मिलाकर यह सब चतुर्दश चिन्ह होते हैं।

को शोभा बढ़ा देते हैं उसी प्रकार चारों वर्ण सीताराम के भजन से शोभित हो जाते हैं। पाठक विचारें कि इन्हीं चिन्हों से अङ्क भी बनते हैं। १ जो एक का चिन्ह है इसी सीताराम को इकट्ठा करके लिखा गया है। यही कारण है कि प्राचीन काल से किसी लेख के आरम्भ में ॥१॥ लिखा जाता है यानी सीताराम को इस प्रकार लिख देते हैं: शेष अंक इसी नाद बिन्दु से बने हैं। एक का अंक इस प्रकार अर्थात् शून्य ० में एक रकार (जोड़ने से बना। जैसे १ इसी प्रकार दूसरे अंकों में रकार की संख्या एक २ बढ़ती जाती है। अर्थात्—

एक १ में एक (रकार है।

दो २ में दो २ रकार हैं।

बुद्धिमानों को स्मरण होगा कि महर्षि पाणिनि ने लिखा है:—

"नृत्यावसाने नटराज राजो ननाद ढक्कां नवपंचवारम्"

अर्थात् शिवजी * ने नृत्य करके (दशों दिशाओं में भ्रमण करके) चतुर्दश सूत्र ध्वनि और उसी के साथ २ ध्वनियों के जन्मस्थान सूचक चतुर्दश चिन्ह उत्पन्न किये और यही चतुर्दश चिन्ह इस ब्रह्माक्षर प्रणाली के आधार हैं। अब डमरू पर विचार कीजिये। यदि बिन्दु से को कंठरूपी डमरू का केन्द्र

तीन ३ में तीन रकार हैं

चार ४ में चार रकार हैं अर्थात् शून्य प्रथक करके चार रकार का चिन्ह सिद्ध हुआ।

पांच ५ में पांच रकार हैं। अर्थात् चार रकार के चिन्ह पर एक रकार और लगा देने से पांच का चिन्ह बना।

छै ६ में छै रकार हैं। अर्थात् पांच ५ के चिन्ह के ऊपर एक रकार और जोड़ने से छै का चिन्ह बना।

सात ७ में सात रकार हैं। छै के चिन्ह पर एक और रकार जोड़ने से ऊपर का सिरा बहुत लम्बा हो जाता है इसलिये इस ऊपरी लम्बे भाग के प्रगट करने के लिये सात के अंक में एक लम्बी ऊर्ध्वगामी रेखा लिख दी जाती है।

आठ ८ में आठ रकार हैं अर्थात् चार रकार के दो चिन्ह इस प्रकार लिख दिये जाते हैं।

नौ ९ में नौ रकार हैं अर्थात् आठ रकार ८ के चिन्ह पर एक रकार और जोड़ दिया जाता है।

* देखो पृष्ठ ७ का दूसरा नोट।

मान कर जिव्हा रूपी डमरू की डोरी को तालू रूपी डमरू के मुख पर भिन्न २ स्थानों पर रखकर बजाया जाय तो सम्पूर्ण अक्षर प्रगट होंगे। और जन्मस्थानों का चिन्ह खींचने तथा ध्वनि को जन्मस्थान सूचक चिन्ह से प्रगट करने पर इस प्रणाली की लिपि बन जायगी। जैसे कवर्ग में क का जन्मस्थान



अब यदि नौ के चिन्ह ९ पर एक रकार और जोड़ा जावे तो एक ९ का चिन्ह पुनः बन जायगा इसी लिये दश लिखने के लिये १ लिखकर लोप हो जाने वाले ९ अंकों को प्रगट करने के लिये लय सूचक शून्य लिंग को लिख देते हैं। इस लिये ९ तक अंक बने आगे अंकों की सृष्टि नहीं हुई।

यदि अंको को सीधा उल्टा लिखकर विचार कियाजाय तो प्रगट होगा कि सब का जोड़ दश ही होता है तथा एक पंक्ति का अंक दूसरे पंक्ति के अंक की कमी बतलाता है जैसे ९ + १ ८ + २ जोड़ सब का ० वही नाद बिन्दु अथवा शिव शक्ति ही है।

१	९	= १०
२	८	= १०
३	७	= १०
४	६	= १०
५	५	= १०
६	४	= १०
७	३	= १०
८	२	= १०
९	१	= १०

*इसी शंकर के चिन्ह को अरबी भाषा की वर्णमाला लिखने वालों ने सब से पहिले लिखा है और इसी का नाम अलिफ़ बे रक्खा है। ﻝ अलिफ़, बे, ـــ ।

सूचक एक अग्रगामी सीधी लकीर — है क्योंकि क के उच्चारण में श्वास को सीधा मुख से बाहर जाना होगा। क वर्ग के ब्रह्माक्षर इस प्रकार हैं:—

क ख ग घ

चूँकि ग में श्वास अधिक बल से निकलता है इसलिए ग का रूप क से अधिक मोटा है।

इस स्थान पर यह निवेदन करना आवश्यक प्रतीत होता है कि जो नाम पिटमैन साहिब ने इन रूपों को दे दिये हैं वह लगभग सौ वर्ष से संसार में प्रचलित हैं और शार्ट हेंड के विद्यार्थियों के अभ्यास में आ रहे हैं। अतः इस समय पिटमैन साहिब की प्रणाली पर संतोष किया जाता है जिससे पिटमैन सिस्टम पर शार्टहेन्ड लिखने वाले महाशयों को हिन्दी शार्टहेन्ड सीखने में विशेष सुभीता रहे।

———o———

विशेष सूचनायें ॥

(१) रूलदार चिकने कागज़ के ऊपर लेखनी से अभ्यास करना चाहिये निब पुष्ट और लोचदार होना चाहिये॥

(२) यद्यपि प्रारम्भ में कोई बात छोटी ही क्यों न जान पड़े परन्तु तो भी नियमों का पूरी २ रीति पर पालन करना चाहिये। विद्यार्थी को आरम्भ में गति बढ़ाने का प्रयत्न न करना चाहिये किन्तु अक्षरों को सँभाल २ कर लिखना उचित है॥

(३) मोटे, पतले, छोटे, बड़े, सीधे, टेढ़े, रेखाक्षरों का बड़ी सावधानी से अभ्यास करना चाहिये॥

(४) रेखाक्षरों का नाप लग भग $\frac{1}{6}$ इंच के होना चाहिये॥

(५) प्रति दिवस कोई विशेष समय नियत करके नियम से अभ्यास करना चाहिये क्योंकि इस विद्या की सफलता केवल अभ्यास ही पर निर्भर है॥

(६) प्रत्येक अभ्यास के आरम्भ में जो नियम दिये गये हैं उनको पहिले भली भाँति समझ कर अभ्यास प्रारम्भ करना चाहिये और अभ्यास हो जाने पर किसी से बुलवाकर श्रुत-लेख (डिक्टेशन) लिखना चाहिये।

(७) इस प्रणाली में ध्वनि के सूक्ष्म भेदों की ओर ध्यान नहीं दिया जाता है। जो शब्द जिस प्रकार सुना जाय और रेखाक्षरों में जो उसका सब से सुगम रूप हो सके उसी को सुगमता से उसी भांति लिख कर पढ़ते समय अथवा हिन्दी लिपि में लाते समय शुद्ध शब्द लिख देना चाहिये। हिन्दी की लिखावट का ध्यान करके रेखाक्षर लिखने की

आवश्यकता नहीं है।

(८) रेखाक्षरों का अभ्यास करते समय हिन्दी नाम मुख से उच्चारण करते जाना चाहिये क्योंकि इस प्रकार अभ्यास करने से याद जल्दी होता है।

(९) नित्य प्रति कुछ समय रेखाक्षर लिपि के लिखने पढ़ने में व्यतीत करना चाहिये। ऐसा करने से इस विद्या का बोध शीघ्र हो जाता है।

(१०) विद्यार्थी को उचित है कि इस लिपि का अभ्यास करते समय सुख पूर्वक इस प्रकार बैठे कि उसका दाहिना हाथ भली भांति कार्य्य कर सके।

(११) रेखाक्षरों के सम्बन्ध में विद्यार्थी को आरम्भ से ही प्रयत्न करना चाहिये कि सब रेखाक्षर लग भग एक ही आकार के हों कहीं छोटे और कहीं बड़े न हों क्योंकि आगे जाकर इनके द्विगुण और अर्द्ध-रूप व्यवहार में लाए जायँगे।

(१२) वक्राक्षरों के मोटे रूप लिखने में इस बात का ध्यान रहे कि मोटा वक्राक्षर आदि अन्त में पतला और बीच में मोटा हो क्योंकि सर्वाङ्ग में मोटा बनाने से देखने में भद्दा लगता है जैसे—



(१३) ङ के अतिरिक्त मोटे रेखाक्षर ऊपर की ओर नहीं लिखे जाते

(१४) इस पुस्तक में जो नियम पतले रेखाक्षरों के लिए दिये गये हैं वही मोटे रेखाक्षरों के लिये भी लागू समझना चाहिये॥

पहिला अध्याय

अभ्यास १ —— पतले रूप।

१	बिन्दु	
२	नाद	
३	क	
४	च	
५	ट	
६	त	
७	प	
८	स	
९	म	
१०	न	
११	य	
१२	र	
१३	ल	
१४	श	

इन चिन्हों को इस प्रकार याद रक्खो:—

(१) नाद बिन्दु का चिन्ह ﹣̇ है।

(२) त क का चिन्ह + है।

(३) प च का चिन्ह × है।

(४) म न का चिन्ह ○ है।

(५) ट स का चिन्ह ○ है।

(६) य र का चिन्ह ○ है।

(७) ल श का चिन्ह ○ है।

अर्थात् सात मुख्य चिन्ह यह हैं:—

(१) (२) (३) (४) (५) (६) (७)



उपरोक्त चिन्हों से इन अक्षरों के आकार विदित होंगे। नाद का आकार व्यवहार में छोटी सी सीधी रेखा से प्रगट किया जाता है। य र ल श के आकार म न ट स से कुछ बड़े हैं। क च त प, म न ट स के आकार प्रत्येक लग भग १/६ इंच के बराबर होना चाहिये। र के इस रूप को आर कहा जायगा।

अभ्यास २— मोटे रूप।

१	बिन्दु		
२	नाद	पतले	मोटे ब्रह्माक्षर।
३	ग	क	ग
४	ज	च	ज
५	ड	ट	ड
६	द	त	द
७	ब	प	ब
८	स्व	स	स्व
९	ड्म्ब, ड्म्प	म	ड्म्ब
१०	ङ	न	ङ
११	यब्	य	यव्
१२	आड़	आर	आड़
१३	लल्	ल	लल्
१४	श्व	श	श्व



स्व, श्व के चिन्ह संस्कृत शब्दों में स्य श्य के लिये भी व्यवहार किये जाते हैं। लल् का चिन्ह प्राय: अधोगामी ही लिखा जाता है। इन पतले मोटे चिन्हों को बार बार लिखकर अच्छी तरह अभ्यास कर लेना चाहिये क्योंकि इस प्रणाली के यही आधार हैं।

बाण दिशा सूचक हैं अर्थात् यह बतलाने के लिये बना दिये गये हैं कि अक्षर लिखने के लिये लेखनी किस ओर को जावेगी।

अभ्यास ३ - ह् मिले हुये अक्षर

१	ख	
२	घ	
३	छ	
४	झ	
५	ठ	
६	ढ	
७	थ	
८	ध	
९	फ	
१०	भ	



ह् मिलाने के लिये अक्षर को बीच में एक छोटी सी आड़ी रेखा से काट दिया जाता है जैसे क — से ख ‐+‐

पांच वर्ग।

कु-	क	ख	ग	घ
चु-	च	छ	ज	झ
टु-	ट	ठ	ड	ढ
तु-	त	थ	द	ध
पु-	प	फ	ब	भ



विद्यार्थी को विदित हुआ होगा कि वर्ग का केवल एक ही ब्रह्माक्षर याद कर लेने से सारा वर्ग याद हो जाता है क्योंकि शेष अक्षर तो पहिले ही अक्षर से बनाये जाते हैं।

अभ्यास ४ विशेष अक्षर

र — यह वक्राक्षर श्रार का दूसरा रूप के मध्य को केन्द्र से मिलाता हुआ कल्पना कर लिया गया है। इसका झुकाव ३०° है।

ड़ — र को मोटा करके लिखने से ड़ हो जाता है।

व — इसे र में अंकुश लगाकर बना लिया गया है।

व्य — यदि व का अंकुश दुगना बड़ा बना दिया जावे तो व्य हो जाता है

ह — इसके दो रूप हैं। एक का झुकाव ६०° और दूसरे का ३०° है।

क्ष — इसे क में बड़ा अंकुश लगाकर बना लिया गया है

ज्ञ — इसे ग में बड़ा अंकुश लगाकर बना लिया गया है।

ञ — न पर छोटा अंकुश लगाकर बनाया गया है।

नोट:— क़ ख़ ग़ ज़ ढ़ फ़ ञ ण ष ऋ के लिए क्रमशः क ख ग ज ड फ य न श र लिखे जाते हैं। पढ़ते समय शुद्ध करके पढ़ना चाहिये।

अभ्यास ५ वर्णमाला

अ, ए, इ
आ, ऐ, ई
ओ, उ
औ, ऊ
क
ख
ग
घ
च
छ
ज
झ
ट
ठ
ड
ढ

त
थ
द
ध
प
फ
ब
भ
य ※
आर
र
आड़
ड़
ल
व ※
आर ष +

※ व तथा य के रूप ⌒ व ⌣ भी हैं इनका वर्णन आगे आवेगा

+ ष को श लिखा जाता है इसका पृथक रूप नहीं है।

यदि किसी अक्षर के लिखने में भ्रम हो कि किस ओर से आरम्भ करना चाहिये तो विद्यार्थी को उचित है कि पृष्ठ १६ पर दिये हुए नियम पढ़ले।

	स		म		यव्
	ह		ड्म्प, ड्म्ब		वय्
	ह		न		लल्
	क्ष		ङ		व
	ज्ञ		स्व		य
	ह्न		श्व		वय का अंकुश व से दूना है

नोट-१:— ह (१) और ह (२) ये दो रूप ह के व्यवहार में लाये जाते हैं। जिस समय जौनसा सुगमता से बन सके लिखना चाहिये।

नोट २:— च तथा र की बनावट में इस बात का ध्यान रहे कि च ऊपर से नीचे की ओर लिखा जाता है और पृष्ठ की रेखा से ६०° का कोण बनाता है तथा र नीचे से ऊपर की ओर लिखा जाता है और पृष्ठ की रेखा से ३०° का कोण बनाता है। एक ह, च में छोटा वृत्त जोड़ने से व दूसरा ह र में छोटा वृत्त जोड़ने से बनता है।

⊛ खाक्षरों के लिखने के नियम

(१) निम्नलिखित रेखाक्षर ऊपर से नीचे की ओर लिखे जाते हैं:—

च छ ज झ त थ द ध प फ ब भ ह

(२) ये रेखाक्षर नीचे से ऊपर की ओर लिखे जाते हैं:—

र ड़ व ह

⊛ इस प्रणाली के अक्षरों को साधारणतः रेखाक्षर कहते हैं॥

(३) ये रेखाक्षर बांईं ओर से दाईं ओर को लिखे जाते हैं:—

क ख ग घ स्त स्त म इम्प न ङ

(४) निम्न लिखित वक्र रेखाक्षर परिधि के टुकड़े हैं:—

ट ठ ड ढ स स्व म इम्प न ङ

इनमें से ट ठ ड ढ स स्व ऊपर से नीचे की ओर लिखे जाते हैं।



तथा म इम्प न ङ बांईं ओर से दाहिनी ओर को लिखे जाते हैं।

(५) निम्न लिखित वक्र रेखाक्षर परिधि के चतुर्थांश हैं।

य यव श श्व ल लल आर आड़





*

इनमें से य यव श श्व लल आर आड़ ऊपर से नीचे की ओर, तथा ल नीचे से ऊपर की ओर लिखा जाता है।

दूसरा अध्याय

स्वरों का वर्णन

दो चिन्ह ˘ नाद बिन्दु से स्वर बने हैं ˘ को सुगमता के लिये सीधा ˉ लिखा जायगा। इन्हीं को बिन्दु नाद या अंगरेज़ी में डौट डैश कहते हैं।

स्वरों के तीन स्थान हैं

बिन्दु के लिये

नाम स्थान	पतला बिन्दु ह्रस्व स्वर के लिये		मोटा बिन्दु दीर्घ स्वर के लिये	
पहिला स्थान आदि में	अ	—	आ	—
दूसरा स्थान मध्य में	ए	—	ऐ	—
तीसरा स्थान अन्त में	इ	—	ई	—

नाद के लिये

नाम स्थान	पतला नाद ह्रस्व स्वर के लिये		मोटा नाद दीर्घ स्वर के लिये	
* पहिला स्थान	×		×	
दूसरा स्थान	ओ	—	औ	—
तीसरा स्थान	उ	—	ऊ	—

पहिला स्थान रेखा के प्रारम्भिक सिरे पर तीसरा अन्तिम सिरे पर व दूसरा मध्य में माना जाता है।

स्वर लिखने की रीति

(१) यदि स्वर व्यंजन से पूर्व आवे तो उसे व्यंजन के ऊपर या बांई ओर लिखते हैं। जैसे आम ⌒ आग — ऊद -।

* नाद पहिले स्थान पर नहीं लगाया जाता।

आक — आज /

एक — अज /

(२) यदि स्वर व्यंजन के पश्चात् आवे तो नीचे या दाहिनी ओर लिखा जाता है। जैसे—

मा ओ

(३) मिलावट में तीसरे स्थान के स्वरों का लिखना कठिन होता है। इस लिये तीसरे स्थान के स्वर दूसरे व्यंजन के पूर्व लिखे जाते हैं। जैसे— रीति गीत

(४) हल के बिन्दु से अ, ए, इ हल के नाद ओ, उ प्रगट किये जाते हैं।

बिन्दु

स्थान	पूर्व			पश्चात्
१— अ		अग	ग	
२— ए		एक	गे	
३— इ		इमि	मि	
		नाद		
१— नहीं है				
२— ओ		ओठ	ठो	
३— उ		उठ	ठु	

(५) भारी बिन्दु से आ, ऐ, ई, भारी नाद से औ, ऊ प्रगट किये जाते हैं।

१- आ		आग	गा	
२- ऐ		ऐसा	सै	
३- ई		ईख	खी	
औ		और	सौ	
ऊ		ऊधौ	धू	

(६) स्वर का प्रथम स्थान रेखाक्षर के आदि मे दूसरा मध्य में और तीसरा अन्त में होता है। अधोगामी रेखाक्षरों में स्वरों के स्थान इस प्रकार हैं।



ऊर्ध्वगामी रेखाक्षरों में स्वरों के स्थान नीचे से लिखे जाते हैं। कारण यह कि रेखाक्षर का आदि नीचे से होता है।



अग्रगामी रेखाक्षरों में स्वर स्थानों की गणना बांये से दाहिने को करना करना चाहिये। कारण यह कि रेखाक्षर बांये से दाहिने को जाता है।



(७) स्वर चिन्हों को व्यंजन से कुछ अन्तर पर लिखना चाहिये। अक्षर से मिला देना अनुचित है जैसे रूप  नाद चिन्ह को समकोण से लिखना चाहिये जैसे पू

अभ्यास ६

बाण दिशा सूचक है अर्थात् रेखाक्षर की दिशा बतलाता है रेखाक्षर क, ख, ग, घ, ल, त्र, म, इम्प, न ङ सतर पर लिखे जाते हैं:—

क, ग
ख, घ
च, ज
छ, झ
ट, ड
ठ, ढ
त, द
थ, ध
प, ब
फ, भ
य, यब
अर, अड़
ल, लल
व ✻ व्य
श, श्व
स स्व
क्ष, ज्ञ
म, इम्प
न, ङ
ह
ग्र



इस अभ्यास को बार बार लिखकर अच्छी तरह याद कर लेना चाहिये जिससे कि कोई भी अक्षर बिना कुछ विचार किये हुए तुरन्त लिखा जा सके।

✻ व्य का अंकुश व के अंकुश से दूना है दोनों पतले हैं।

अभ्यास ७

अपनी कापी पर निम्न लिखित रेखाक्षरों की नक़ल करो और मुंह से उच्चारण कर करके हिन्दी अक्षर उनके सामने लिखो और फिर रेखाक्षरों को सावधानी से मश्क़ करो ॥



अभ्यास ८

पहिले एक लाइन हिन्दी अक्षर अपनी कापी पर उतार लो फिर रेखाक्षर उनके नीचे लिखो और मश्क़ करो ॥

१ ध म थ ल च क र अर

२ ह श श्व अर रू त न छ

३ ट य व फ प र क ख

४ ङ ग ध त श्र क्ष घ ञ

५ न प ल्ल च य स आड़ लल

६ र द छ ड़ फ व ज्ञ व्य

७ भ म ज ढ ध व ह ञ
८ य ख ड न्न ऋ स्व ड्म ड्म्ब
९ ठ ड़ प ञ ग्न च घ फ
१० ठ ख क र प फ घ च

अभ्यास ९

पहिले व्यंजन लिखकर फिर स्वर लगाना चाहिये



अभ्यास १०

१ आज, जी, उड़ा, आप, बाबू
२ ज, जा, आड़, आपू, आजी
३ पी, आग आजी, आला, ओभा
४ आका, ला, आरी, ओठ, खा
५ जि, आड़ू, एक के, था,
६ आशा, ओक, को, आधा, आपा
७ औ, आरा, आलू, ओ३म्, भी
८ आक, आटा, अत्र, आहा, मे
९ जु, ओह, आहू, जे, आप
१० को, कू, ओक, ईख, खी

तीसरा अध्याय

रेखाक्षरों की मिलावट के नियम।

(१) रेखाक्षरों के मिलाने में लेखनी को न उठाना चाहिये अर्थात् मिलाते हुए लिखते जाना चाहिये। जैसे:—



लप सक पल लद मत गज चक तल पक यम तक बग

(२) श ल के अतिरिक्त मिलाने के पश्चात् किसी रेखाक्षर की दिशा नहीं बदली जा सकती अर्थात् ऊर्ध्वगामी ऊपर की ओर, अग्रगामी आगे की ओर, और अधोगामी नीचे की ओर ही लिखे जायंगे कारण कि रेखाक्षर की दिशा बदल देने से पढ़ना कठिन ही नहीं बल्कि असम्भव हो जायगा। जैसे:—

बन कैत पच तक क़द कम पर कन बज बद

जब श निम्नलिखित अक्षरों के पूर्व आता है तो बहुधा ऊर्ध्वगामी लिखा जाता है।



य व्य ट ठ ड ढ तथा ल जैसे:-

आशय ऊश्ट अशौली

और जब निम्नलिखित अक्षरों के पश्चात् श आता है तो भी ऊर्ध्वगामी ही लिखा जाता है।

य व्य द ल

जैसे:- यशी दशा नालिशी

(३) मिलावट में पहिला ऊर्ध्वगामी अथवा अधोगामी अक्षर रेखा से अवश्य मिलना चाहिये। जैसेः—



रूप नान नच भाग छन कान मान नोच मार रीझ राधा लेप

रोया चाक् रामनौमी हय रेलवे गंगा



मारो मिलर नारी काली कारी गोला काव्य

(४) जब दो अधोगामी रेखाक्षर मिलाये जावें तो पहिले को रेखा पर पूरा करके दूसरे को नीचे लेजाओ। जैसेः—

बाजा जाप

(५) जब एक अग्रगामी अक्षर के साथ दूसरा अधोगामी अक्षर जोड़ा जाय तो अग्रगामी को रेखा से ऊपर लिखकर अधोगामी को रेखापर पूरा करो। जैसेः— खाता  गोपी 

ल के ऊर्ध्वगामी व अधोगामी रूप इन उदाहरणों से समझ लेना चाहिये, इनकी पूरी २ व्याख्या आगे कीजायगी।



लाम आलम लोक अलग लौंग आलिङ्गन

अयाल नील नीलोपल

माता गीत

(६) यदि अग्रगामी अक्षर पहिले और ऊर्ध्वगामी पीछे हो तो रेखा से प्रारम्भ करो। जैसेः—

माला गाढ़ी कोरी

(७) वक्राक्षरों को इस प्रकार लाला मामा  और सीधे रेखाक्षरों को इस प्रकार मिलाते है।

बाबा चाचा काका

तीसरे स्थान के स्वर ॥

जैसा कि पहिले लिखा जा चुका है मिलावट में तीसरे स्थान के स्वरों (इ ई उ ऊ) का लिखना कठिन हो जाता है, जैसे रूप में यदि र के ऊपर ही स्वर की मात्रा लगाई जावे अर्थात् रू ही लिखा जावे तो लिखना और पढ़ना दोनों कठिन ही नहीं बल्कि असम्भव हो जावेंगे इसलिये रूप के टुकड़े करके (र + ऊप) लिख देते हैं। जैसेः—

(र+ऊप) रूप (क+ऊप) कूप ((ग+ईत) गीत

विद्यार्थी को तीसरे स्थान के स्वर (इ ई उ ऊ) वाले शब्दों को लिख २ कर अभ्यास कर लेना चाहिये।

अभ्यास ११





अभ्यास १२

जीना, टीकरा, तूम्बा, दिक़, दूकान, हींग, धीमा, नीक, फूफा, फूल भूत, सीखा, फ़िकर, फूंकना, भीम, भूमि, मुख्य, हुक़्क़ा, यूरुप, रूम मीठा, क्रोध, लुकाट, क्षीर, लूट, विषय, शुल्क, सूखा, कुल, यम दक्ष, ईश, बीस, बिहार, यवाय, नव्य, व्यास, व्यतीत, अव्यय व्याह अन्य।

अभ्यास १३

हिन्दी लिखो फिर रेखाक्षरों का अभ्यास करो।



अभ्यास १४

रेखाक्षरों में लिखो

१— मैंने उस आदमी को देखा था।

२- हम तुम दोनों परीक्षा में पास होंगे।

३- एक आदमी बाग में गया है।

४- मोहन यह कौनसा बालक है ?

५- सन्यासी बन को जाता है।

६- एक कन्या पालकी पर चढ़ कर मंदिर को जाती है।

७- क्या तुम दिवाली की छुट्टी में घर जाते हो ?

८- पूर्व काल में शंकर ने त्रिपुरासुर को मारा था।

९- सीता और लक्ष्मण, राम जी के साथ दण्डक बन गये थे।

१०- इस श्लोक का अन्वय आपको अवश्य ज्ञात होगा।

अभ्यास १५

रेखाक्षरों को इस तरह मिलाना चाहिये कि हरएक अक्षर साफ़ २ समझ में आ सके। एक ही दिशा में जाने वाले दो से अधिक रेखाक्षरों को न मिलाना चाहिये किन्तु शब्द के टुकड़े २ करके लिख देना चाहिये।



नोटः- छोटे अ की मात्रा लगाने की विशेष आवश्यकता नहीं है।

अभ्यास १६

१- बड़ा, लता, छिपा, पहुंचा, जीना,

२– सोचता, दीन, देवी, होगा, गोद,

३– इतना, उतना, कितना, शम्भू, घटना,

४– शोभा, धीर, धनी, ज्ञानी, मानी,

५– फूटा, नाटक, नायक, नारी, नाश,

६– तबला, झपट्टा, लजाना, निधि, ग्राम,

७– पीला, काला, मूंग, आंख, कान, नाग,

८– नगर, नदी, नाद, धर्म, कर, डंडा,

९– आत्माराम, रामदास, तुलाराम, सीताराम,

१० परशुराम, बालगंगाधर, नारायणशर्मा, गोविन्द।

अभ्यास १७



अभ्यास १८

जब बन्दर ने डंडी उठाकर दिखाया तो बड़े भाग वाला पलड़ा झुक गया तब बन्दर बड़े भाग वाले टुकड़े में से कुछ रोटी तोड़कर खा गया।

विद्यार्थी को उचित है कि शीघ्रता न करे धीरे २ लिखने का अभ्यास करे

द्विस्वर

जब किसी शब्द में दो स्वर लगातार आ जाते हैं तो उन का पृथक पृथक लिखना कठिन हो जाता है इस कारण सुगमता के लिये द्विस्वरों

के चिन्ह नियत कर लिये गये हैं। यह द्विस्वर साधारण स्वरों की भांति लगाये जाते हैं।

(१) आ + व
(२) आ + य
आवत, आयस, गायन,

यह चिन्ह अधोगामी रेखाक्षर के प्रारम्भिक सिरे पर मिलाया जा सकता है। जैसेः—

आवत
आयस
आवरे

(२) आ + ए, ये — सुनाये, पढ़ाये, लखाये.

(३) आ + ई, — सुनाई, बुलाई, गाई,

आई चिन्ह न क ग य र ल व ह (ऊर्ध्वगामी) के अन्त में मिलाया जा सकता है
जैसेः— नाई काई मंगाई खवाई
बुलाई गाई बढ़ियाई बहाई

(१) आ + यो — छुड़ायो, गायो, लायो,

(२) आ + ओ — लाओ, गाओ, खाओ,

(३) आ + ऊ, ऊं — खाऊं, गाऊं, जाऊं

आ + यो चिन्ह ऊर्ध्वगामी ल के साथ प्रारम्भिक सिरे पर मिलाया जा सकता है। जैसेः—

आयो लाड़लो

आ + ऊं चिन्ह अधोगामी रेखाक्षर के अन्त में मिलाया जा सकता है
जैसेः— पाऊं ताऊ भाऊ कढ़ाऊं

(१) ओ + या — रोया, कोया, बोया

(२) ओ + ए, ये — रोये, खोये, भिगाये,

(३) ओ + ई, — खोई, गोई, लोई, रोई

(४) ऊ + आ, — बधुआ, बउआ,

कुआ, खउआ "

नोट- ध्यान रहे कि इस प्रणाली में ध्वनि के सूक्ष्म अन्तर की ओर ध्यान नहीं दिया जाता।

(२) ऊ + ए, ये — कुए, घरूए, इत्यादिक

(३) उ + ई, वी — रुई, कड़वी, सुई, "

(१) अ + ये, — भये, गये, लये, "

(२) अ + ए — गरए, रिझए, "

(३) अ + ई — भई, गई, लई, "

(१) इ + या — लिया, किया, दिया, "

(२) इ + ओ, यो — किओ, लियो, दियो, "

(३) इ + ए — लिये, दिये, किये, "

वट बहुत से शब्दों के अन्त में आता है और इसको लिखने में कठिनता होती है इसलिये इसको व ^ चिन्ह से लिखते हैं। यह चिन्ह अधोगामी रेखाक्षर के अन्तिम सिरे पर मिलाकर लिखा जा सकता है मिलाने की रीति इस प्रकार है।

दीवट	पिसावट
पीवट	सजावट
कसावट	गुहावट
डीवट	नचावत

क, ग, म, न, ल, ङ, के अन्त में मिलावट इस प्रकार होती है:—

रुकावट		गावत	
बनावट		रंगावट	
मिलावट		समावत	
खिलावट		लगावट	

यदि द्विस्वर के पश्चात ही कोई स्वर और आजाय तो द्विस्वर चिन्ह में एक छोटी रेखा मिलाकर लिख देते हैं। जैसे:—

कहाइयो		सुनाइयो	
खाइयेगा		लाइयेगा	
जाइयेगा		सुनाइयेगा	

ऐसे चिन्ह को त्रिस्वर कहते हैं क्योंकि इससे ३ स्वर प्रगट किये जाते हैं। इस प्रणाली में व और य की गणना स्वरों की भांति है।

किसी समय स्वर अकेला ही आता है यदि उसको विशेष रूप से लिखने की आवश्यकता प्रतीत होती हो तो ऐसी दशा में इन चिन्हों का प्रयोग करना चाहिये।

आ, आ इ,	के लिये	....	रेखा के ऊपर
ई, आ ए,	"	....	रेखा पर
ऐ,	"	....	रेखा के ऊपर
ओ,	"	....	रेखा पर

बहुत से शब्दों में ए+उ जैसे नेउला में अथवा ए+ई जैसे लेई में अथवा ओ+इ जैसे 'कोइल' में कुछ द्विस्वर आते हैं जिनके कि चिन्ह नियत नहीं किये गये हैं तो ऐसी दशा में दोनों स्वरों के चिन्ह पृथक २ लगा देना चाहिये, जैसे:—

नेउला  लेई कोइल 

अभ्यास १९



अभ्यास २०

१- सुभाय, कहाय, जनाय, लखाय, ढांव, बहाव, दाब, कहाये।
२- गाये, बताये, चिल्लाये, पाये, सुभाई, कहाई, गाई, दिखाई, बताई
३- गायो, छायो, जायो, सिखायो, सतायो; मिटायो, नचायो।
४- गाओगे, जाओगे, सिखाओगे, बताओगे, आओगे, खाओगे।
५- भाऊं, ठाऊं, उठाऊं, दिखाऊं, सिखाऊं, सोया, चोया, बोया।
६- खोया, रोया, पिरोये, कोये, ढोये, पोये, बोई, खोई, चोई, पोई।
७- कूआ, पूआ, सूआ, खड़आ, बड़आ, कूए, सूए, कड़ए, घूए, धूंए।
८- कड़वी, सुई, मुई, लुई, अलये, पगाये, नदये, नरये, सरये, गमये।
९- रई, कई, मई, घई, छई, धिया, खिया, छिया, जिया, लिया।
१०- लखियो, रखियो, चखियो, टसियो, पिसियो, हंसियो, फसियो।
११- कीजिए, लीजिए, जीजिए, दीजिए, पीजिए, चाहिये, गाइये, बजाइये।

अभ्यास २१



अभ्यास २२

आइबौ गलीन में हमारे नित खेलिबे कूं, लैके संग जाइबौ चरावनी में गैयां की। तापै कुसुमाकर सुबोलिबौ सरस बैन, गाइबौ मधुर तान बैठि तरु छैयां की॥ भूलत भुलाये हू न जो हनि डगर-नारी, सूरति बनी ही रहै कसम गुसैयां की। उभरे उरोज को निरादर करत बीर, बालम बिसारि दीन सुधि लरिकैयां की॥

शब्द चिन्ह।

जो शब्द बोल चाल में बार २ आते हैं उनके लिये एक छोटा सा चिन्ह नियत कर लिया जाता है ऐसे चिन्ह को शब्द-चिन्ह कहते हैं। विद्यार्थियों को उचित है कि प्रति दिवस थोड़े २ शब्द-चिन्हों का अभ्यास कर लिया करें क्योंकि इससे लिखने में बड़ी सुगमता हो जाती है। बड़ी सूची पुस्तक के अन्त में दी गई है।

आप		इस, इसे, इसी	
मैं, में		उस, उसे, उसी	
हम		का, के, की	
तुम		को,	
तो, तू, ने		पर	
वह, वे		लिये	

आज	क्यों
जी	क्योंकि
एस, एसी, एसे	कोई
के	है, हैं
कई	हो
एक	नहीं
आ, आया, आई	ने
आये, आयें	और
आओ,	कि
सा, सी, से	ए

शब्द चिन्हों के तीन स्थान हैं अर्थात् लकीर के ऊपर लकीर पर और लकीर को काटते हुए अलएव उचित है कि जो स्थान शब्द चिन्ह के लिये नियत कर दिया गया है उसे उसी स्थान पर लिखा जाय उलट फेर करने से कुछ का कुछ पढ़ा जायगा।

अभ्यास २३



अभ्यास २४

तुम सुपुत्र होकर ऐसी ढिठाई करते हो॥ हे नाथ तुमने ही तो गज को

ग्राह के फन्दे से छुड़ाया था। कुछ परन हीं नो तालाब पर हम ज़रूर जायेंगे। आजकल नो देवनागरी अक्षरों का प्रचार कर डालिये। ओ मेरे भाई कोई और साधन बताइये क्योंकि इसमें नो बड़ी कठिनता दिखाई देती है। जिसको विषम ज्वर आता है उसे अन्न नहीं भाता। कई दिनों से हम आपसे नहीं मिल पाये हैं। एक दो बार नहीं किन्तु कई बार आप से प्रार्थना की गई है। भगवान के भक्तों में केवट भी एक मुख्य भक्त था।

'स' वृत

स, श के लिये रेखाक्षर नियत किये गये हैं इनके सिवाय एक छोटे वृत्त से भी लिखे जाते हैं। कहां रेखाक्षर और कहां वृत लिखा जायगा इसका स्पष्टीकरण आगे किया जायगा। स, श वृत चाहे शब्द के प्रारम्भ में हो वा अन्त में अधोगामी अक्षरों के दाहिनी ओर और अग्रगामी तथा ऊर्ध्वगामी अक्षरों के ऊपर लिखा जाता है। गोलाई को बाहर की तरफ़ से अन्दर की तरफ़ ले जाना चाहिये।

सप, सब, सत, सद, सच, सज, सक, सग, सर, सड़, सक सस, सञ

बस, दस, तस, चस, जस, कस, गस, रस, ड़स, बस, हस, इत्यादि

स, श वृत जब किसी ऐसे दो व्यंजनों के बीच में आता है जो आपस में कोण बनाते हों तो वह कोण के बाहर की ओर निकलता हुआ लिखा जाता है। जैसे: 

स, श वृत जब किसी वक्र रेखाक्षर में जोड़ा जाता है तो उसके अन्दर की ओर लिखा जाता है, और जब दो वक्र रेखाक्षरों के बीच में आता

है तो प्रायः पहिले वक्र रेखाक्षर के अन्दर की ओर लिखा जाता है

सय, सम, सन, सट, लस, रस, सस, शस, नसन, मसन, यसक

जब स, श वृत्त शब्द के प्रारम्भ में लगाया जाता है तो सब से पहिले पढ़ा जाता है, जैसे सोच यहां स पहिले पढ़ा गया फिर क्रम से स्वर व व्यंजन का उच्चारण हुआ। जब स श वृत्त किसी शब्द के अन्त में लगाया जाता है तो सब से पीछे पढ़ा जाता है। जैसे पचास मिठास

अभ्यास २५



अभ्यास २६

आलस्य, पश्चिमी, सोना, दशमी, रास, रिश्वत, सज़ा, इसना, कोसना, दुश्वार, रोशनी, चाशनी, नाश, शाल, नसील, किसान, सन, सादा, सत, सच, सूप, सीना, पसीना, नसैनी, शोक, सज्जन, द्वेष, समूह।

बड़ा वृत्त स्व, ज।

शब्द के प्रारम्भ में बड़ा वृत्त स्व का चिन्ह है। लिखने के नियम वही हैं जो छोटे वृत्त, स, श के लिये लिखे जा चुके हैं।

स्वय, स्वल, स्वज, स्वच, स्वत, स्वप, स्वम, स्वर, स्वग, स्वट, स्वस,

स्व वृत्त को व, ह, स्स, ङ्स के साथ इस प्रकार मिलाते हैं।

स्वश स्वस स्वह स्वव

यह बड़ा वृत्त शब्द के मध्य और अन्त में स्व तथा ज दोनों के लिये लिखा जाता है। लिखने के नियम वही हैं जो छोटे वृत्त के लिये लिखे जा चुके हैं। जैसे:—

गज बिजली बीज तेज सेज मेज़

झ को प्रगट करने के लिये ज वृत्त में भीतर एक बिन्दु लगा देते हैं। जैसे समझना सुलझना बोझल बूझना

यदि किसी शब्द के अन्त में स, श हो और उसके पहिले स्व या ज हो तो इस प्रकार लिखते हैं।:—

विश्वास अपजस सुजस निःश्वास

यदि किसी शब्द में स्व वृत्त लगाने से अशुद्ध शब्द पढ़ जाने का भय हो तो स्व, श्व का पूरा रूप लिखना चाहिये। जैसे:—

उपास्य सहास्य उपज गुणास्य

अभ्यास २७



अभ्यास २८

१ राजस्व, स्वतन्त्र, स्वस्थ, स्वयम्, स्वाभाविक, विश्वमूर्त्ति, स्वयम्भू
२ स्वधा, स्वाहा, स्वर्गगामी, सरस्वती, समस्त, स्वादिष्ट, स्वाध्याय,
३ सारस्वत, स्वपुत्र, विश्वमुख, स्वीकार, स्वर्गीय, स्वागत, विश्वरूप

४ नाज, साज, स्वरा, मछली, बाजरा, बिजली, सूरज, निज़ाम, क़ाज़ी
५ स्वदेश, स्वप्न, स्वविषय, स्वच्छ, स्वीकार, बाज़ार, गङ्गाजल, यमुना
६ जल, झलाझल, निर्जल, पुजारी, ताजमहल, रिवाज, बुर्ज, शिवाजी
७ शिवरामराउ, निःशेष।

अंडाकार स्त, ष्ट.

अंड अर्धाकार शब्द के प्रारम्भ तथा अन्त में स्त, स्थ, स्ट, स्ठ, ष्त, ष्थ, ष्ट, ष्ठ का चिन्ह है।

षट्कर्म षट्रस षड्यन्त्र कष्ट

यह अण्डाकार अक्षर के आकार से आधा लिखा जाता है। इस अण्डाकार को क्ष, ज्ञ, ब, ह के पहिले नहीं लगा सकते, इसलिये जब इन अक्षरों से पहिले यह शब्दखंड आवें तो उनको इस चिन्ह से प्रगट करते हैं। जैसेः— अस्थिविद्या

यह अण्डाकार सं वृत की तरह लगाया जाता है, परन्तु यदि इन दोनों अक्षरों के मध्य अथवा अन्त में कोई स्वर आजावे तो अंडाकार का प्रयोग न करना चाहिये। जैसेः—

बन्दोबस्त बस्ती रास्त रास्ता

इस अंडाकार को शब्द के मध्य में भी लिख सक्ते हैं। जैसेः—

बिलोचिस्तान हिन्दुस्तान गण्याष्टक शिवाष्टक

बड़ा अंडाकार रेखाक्षर के दो तिहाई आकार के बराबर स्तर ष्टर का चिन्ह है। इसके उपयोग में लाने के नियम वही हैं जो छोटे अंडाकार के लिये लिखे जा चुके हैं। जैसेः—

बिस्तर मास्टर बैरिस्टर राष्ट्र

अभ्यास २९



अभ्यास ३०

१ कास्ट, कुष्ट, अष्ट प्रहर, अष्टधातु, अष्टभुजा, अष्टमूर्ति,
२ अष्टशास्त्र, दोस्त, फ़हरिस्त, आरास्ता, कनस्टर, पुष्टि, दुरुस्त
३ दुरुस्ती, ग्रहस्थ, ग्रहस्थी, शास्त्र, नश्तर, मास्टर, मिस्टर
४ बैरिस्टर, भैरवाष्टक, कालाष्टक, वस्त्र।

वृत्त से श और रेखाक्षर स श का उपयोग।

साधारणतः वृत्त स श का प्रयोग किया जाता है जैसेः- सुरभी

रेखाक्षर स, श, का उपयोग इन स्थानों में करना चाहिये।:—

१- जब शब्द में केवल स वा श हो और दूसरा अक्षर न हो। जैसेः— ओस आशा सौ शै

२- जब शब्द स्वर से प्रारम्भ होता हो और स्वर के पश्चात् ही स वा श आवे। जैसे उषा अष्ट

३- जब कि शब्द के अन्त में स्वर हो और स्वर के पूर्व स वा श हो। जैसेः- पेशा दशा पैसा मनसा

४- जब शब्द के प्रारम्भ में स वा श हो और उसके पश्चात् स्वर हो और फिर स वा श दुबारा आवे तो पहिले स वा श को पूरा लिखते हैं और दूसरे के लिये वृत्त। जैसेः- सस्ता सुस्ती सुसरा

५– जब शब्द के प्रारम्भ में स वा श हो और अन्त में स्त, स्थ, स्ट, ष्ट अथवा श्त, श्थ, श्ट इत्यादि हों तो प्रारम्भ के स या श का पूरा रूप लिखा जायगा। जैसेः— सुस्त शिस्त स्वस्थ

६– जब शब्द के प्रारम्भ में स वा श हो और उसके पश्चात ही दो स्वर हों। जैसेः– साइन्स सोयम् साईस सर्साई

७– जब शब्द के प्रारम्भ में स वा श हो और उसके बाद ह हो। जैसेः– सहारा शाह सहरा सहाय

अभ्यास ३१



अभ्यास ३२

१ आसामानी, ईसाई, असली, स्नान, दिलासा, सहेली, मूसा,
२ रस्सा, इशारा, लाश, शाल, दुशाला, शिवाला, साला, स्वसुराल
३ असमंजस, अशुभ, असह्य, साहस, भेष, भेंसा, धोसा, वन्स
४ ऊषा, आशा, ऊसर, शोर, सार, घनश्याम, उसमानी।

वृत स्व और रेखाक्षर स्व, श्व के उपयोग के नियम

साधारणतः वृत स्व का प्रयोग किया जाता है। जैसेः—
स्वर राजस्व सर्वस्व स्वाधीन

रेखाक्षर स्व, श्व का प्रयोग निम्न लिखित स्थानों में किया जाता है:–
१– जब कि शब्द में केवल स्व, श्व हो और दूसरा रेखाक्षर न हो।
जैसेः— अश्व
२– जब कि शब्द स्वर से आरम्भ होता हो और स्वर के पश्चात ही स्व, श्व

आजावे। जैसे:— अश्वत्थामा   अस्वाभाविक

३- जबकि शब्द के अन्त में स्वर हो, और स्वर के पूर्व स्व, श्व हो। जैसे:-
मनस्वी   तेजस्वी   तपस्वी   राजस्वी

४- जबकि शब्द के पहिले खण्ड में स्व वा श्व हो और उसके पश्चात स्वर हो; और फिर स्व वा श्व दुबारा आवे तो पहिले स्व वा श्व को पूरा लिखते हैं और दूसरे के लिये वृत्त जैसे: विश्वेश्वर

५- जबकि शब्द के प्रारम्भ में स्व वा श्व हो और अन्त में स्त, स्थ, स्ट स्ड ष्त ष्थ ष्ट ष्ठ आदि अथवा ऐसे ही खण्ड हों तो प्रारम्भ के स्व वा श्व का पूरा रूप लिखा जायगा। जैसे:-
स्वस्थ   प्रशस्त

६- जब शब्द के प्रारम्भ में स्व वा श्व हो, और उसके पश्चात ही कोई द्विस्वर हो। जैसे:- विश्वाय भूताय

७- जब शब्द के प्रारम्भ में स्व वा श्व हो, और उसके पश्चात ह हो। जैसे:- स्वाहा

अभ्यास ३३



अभ्यास ३४

अश्वशाला, अश्ववैद्य, अश्वारूढ़, अश्वपरीक्षक, अश्वारोही, अश्वसेना, अश्वसेवक, अश्वत्थ, अश्वत्थामा, अश्विनीकुमार अश्वचिकित्साचार्य्य, अश्विनी, यशस्वी, राजस्वी, तेजस्वी,

संयुक्त व्यंजन

अन्म, अम्य, अन्ब, अम्ब — का चिन्ह ⌒ यह है। जैसे:— अचम्भा

चम्पा   तम्बाकू   अम्बाला   बम्बई

२– वल का चिन्ह   यह है। जैसे:- वलीअहद   गाड़ीवाला

३– अधोगामी लल्   कुंजीलाल

४– चूंकि अन्प अम्प, अन्ब अम्ब, की ध्वनि मिलती हुई हैं इसलिये इनका एक ही चिन्ह नियत किया गया है, जब इन दो अक्षरों के मध्य में कोई मुख्य मात्रा आजावे तो इस चिन्ह का प्रयोग नहीं किया जावेगा।

५– प्रारम्भिक अङ्कुश वल पहिले पढ़ा जाता है यानी स्वर से भी पहिले। जैसे:— वौली   परन्तु यदि वा के पूर्व कोई स्वर हो तो पूरे पूरे अक्षर लिखने चाहियें। जैसे:— अव्वल,   और यदि व द्विगुण हो तो भी पूरे अक्षर लिखने चाहियें। जैसे:— क़व्वाली

६– लल् में, दोनों ल के मध्य में स्वर आजाने पर भी यही चिन्ह लिखा जाता है, मात्रा इस प्रकार लगादी जाती है। जैसे:— रामलाल   परन्तु जब ल के अन्त में कोई स्वर आवे तो इस चिन्ह का प्रयोग न किया जायगा। जैसे:— किलोला

७– द्विगुण अक्षर के लिये एक ही अक्षर लिखा जाता है। जैसे:—
कुत्ता   बिल्ली   गन्ना   पन्ना

८– जहां कहीं सुगमता पूर्वक लिखावट में आसकें तो इन चिन्हों का प्रयोग शब्द के बीच में भी किया जाता है। जैसे:— जलपत्र

अभ्यास ३५



अभ्यास ३६

१- दङ्ग, गङ्गा, डींग, टांग, कङ्गाल, सुसंग, किङ्ग, सींग, मांग,
२- नङ्गा, लोंग, जङ्ग, रांगा, अड़ंगा, चम्पा, लेम्प, सांप, कुसंग,
३- हांप, तम्बाकू, कुम्बिश, अचम्भा, पम्प, बम्बा, भुजङ्ग, संकट
४- शङ्कर, शम्भू, नारंगी, जम्बूफल, सम्प्रदाय, सम्भव,

रेखाक्षर ह का वर्णन

ह प्रगट करने के लिये नाद (डैश) बिन्दु (डोट) का प्रयोग किया जाता है।

नाद ह का प्रयोग

१- किसी अक्षर को बीच में एक छोटी सी रेखा से काट देने पर उसमें ह मिल जाता है। जैसेः— फ   भ   ठ   ख

फल   भीख   ठठ्ठा   खरा

२- स, स्व, म, इम्प, ल, अर, अड़ के प्रारम्भ में इस तरह जोड़ा जाता है। यह चिन्ह केवल प्रारम्भिक सिरे पर लगाया जाता है और सब से पहिले पढ़ा जाता है। जैसेः— हांप   हिस्सा

हाल   होम   हार   हाड़

बिन्दु ह का प्रयोग

१- शब्द के मध्य वा अन्त में झ आवे तो वृत्त ज लिखकर उसके बीच में एक बिन्दु लगाने से झ पढ़ा जाता है। जैसेः-

बूझना   समझना   झांझ

२- जब ह किसी शब्द के मध्य वा अन्त में आवे और पूरा अक्षर लिखने से बेढ़ंगी आकृति बनती हो तो उसको एक छोटे से बिन्दु से प्रगट किया जाता है। जैसेः— लहसन   वस्तुतः

अधोगामी ह निम्न लिखित स्थानों पर लिखा जाता है।

१- जब अकेला हो। जैसेः- आह   हा

२– जबकि पहिले या पीछे क, ग, और म हों। जैसेः–

कहा होगा हम होम

३– च, ज, स, स्व, श, ल, अर, ह (अधोगामी) से ह के पश्चात्। जैसेः–जुही चूहा शोहर सुहार सही

उर्ध्वगामी ह निम्न लिखित स्थानों पर लिखा जाता है।

१– जब ह के पश्चात् कोई अधोगामी अक्षर आवे। जैसेः–

हद हट हड्डी हाजी

२– अथवा उर्ध्वगामी रेखाक्षर हो। जैसेः–

हीरा हवास धरोहर

३– अथवा न ङ हो। जैसेः– हींग हिना

४– अथवा वृत वा अण्डाकार हो। जैसेः– हिस्ल होश

५– निम्नलिखित अक्षरों के पश्चात् भी उर्ध्वगामी ह लिखा जाता है

प, ब, त, द, य, ट, ड, न, ड़, र, ढ़, व, ह (उर्ध्वगामी) जैसेः–

पहरा बाहर नहसील देहात

यही टेहरी डाह नाहर

गड़्हर रोहिणी बड़हल वही बूहा

नोट– ध्यान रहे कि जब किसी अक्षर के पश्चात् रेखाक्षर ह आवे तो उसको इस तरह मिलाया जाय कि ह के और स के वृत्त में गड़बड़ न होने पावे। जैसेः– तीसरा नाहरी

कमसन मेहरा एकसच कहारी

अभ्यास ३७



अभ्यास ३८

१ मछली, रथ, धार, ध्यान, साधू, दुहाई, सहल, धूम,
२ धमक, हवेली, हाकिम, हौदा, फूल, भाला, मिठास, गाहक
३ हिफ़ाज़त, घोड़ा, यहां, कहत, महुवा, नहां, नहना, बिछा
४ हिना, ... , थोड़ेही, हींग, दहेज़, पहाड़ा, अठारह

र अंकुश

... अंकुश सीधे रेखाक्षरों के साथ:—

१– छोटा अंकुश किसी अधोगामी सीधे रेखाक्षर के सिरे पर बाईं ओर और अग्रगामी रेखाक्षर नीचे लगाने से र, ड़ समझा जायगा।

जैसे:— पर बर तर दर चर

२– छोटा अंकुश किसी अधोगामी सीधे रेखाक्षर के सिरे पर दाहिनी ओर और अग्रगामी रेखाक्षर के ऊपर लगाने से ल समझा जायगा। पल बल तल

दल चल जल कल गल

नोट– र ड़ थ ह स ज़ के साथ अंकुश नहीं लगाये जाते, केवल में स, ज़ से अंकुश छोटा है। उदाहरणार्थ।

प्रजा हुजी विप्लव रुद्राक्ष

३– जब संयुक्त व्यंजनों के मध्य में या अन्त में कोई दीर्घ स्वर हो तो अंकुश न लगाना चाहिये। जैसे:—

तराजू बारूद बेरी

४– इन संयुक्त व्यंजनों के पहिले या पीछे मात्रायें उसी प्रकार लगाई जाती हैं जैसे कि बिना मिले व्यंजनों के पहिले या पीछे। जैसे:—

कृपा तृषा त्रुटि

५– अंकुश र के साथ ह चिन्ह को अधोगामी रेखाक्षर के साथ लगा सकते हैं। जैसे:— हावास हिन्द्र

यह है चिन्ह ' अधोगामी ह के नीचे का भाग है। जैसेः—

६— सुन्दर और सुगम सङ्गठन के लिये इसी दशा में भी जबकि कोई स्वर दोनों अक्षरों के मध्य में वा अन्त में हो अङ्कुशों का उपयोग कर लेते हैं और स्वर को प्रगट करने के लिये एक छोटासा वृत्त बना देते हैं। यदि स्वर का चिन्ह बिन्दु हो तो यह वृत्त आकृति के पहिले या ऊपर बनाया जाता है, और यदि स्वर का चिन्ह नाद है तो यह वृत्त आकृति के पीछे या नीचे बनाया जाता है। जैसेः—

बङ्गाल लंगूर अंगूर गङ्गाल

७— सुगमता के लिये कहीं २ शब्दाङ्क बार, दार, कार, गार, के लिये भी अङ्कुशवाले संयुक्ता रूप लिखे जाते हैं, इसी दशा में मात्राओं के लिखने की आवश्यकता नहीं है। जैसेः—

थानेदार गुनहगार फटकार

अभ्यास ३९



अभ्यास ४०

१ प्रजा, पृथ्वी, प्रातः शापोद्धार, द्रोह, परोपकार, अविद्रूप

२ परदेश, विष्णुदेव, ग्रांन्ट, प्रान्त, भ्रम, तृषा, पूर्वे, त्रिपुरा

३ पवित्री, सावित्री, त्रुटि, त्रेता, व्यापार, कारण, परराष्ट्र, ग्रामा

४ द्राविड, भद्र, द्रोण, कृपा, अन्ध्र, अग्रणी, त्रोटक, प्रभु,

अभ्यास ४१

२
३
४


अभ्यास ४२

१ प्लुत, प्लावित, काजल, प्ले, प्लेग, तिलमिला, टिड्डीदल,
२ मुचलका, पृथ्वीदल, क़ाबिल, कोतल, पीपल, तलक़ीन
३ पीतल, जलयात्रा, जलकउआ, गलफांस, कलआना
४ चलमई, अनल, बिनल, बोतल, कोमल, अचलताल

प्रारम्भिक अङ्कुश वक्राक्षरों के साथ

१- वक्राक्षर के पहिले केवल एक ही स्थान पर अङ्कुश लगाया जा सकता है यानी वक्राक्षर के अन्दर की ओर। इसी तरह छोटे और बड़े दोनों अङ्कुश लगाये जा सकते हैं। जैसेः-यर यल

२- वक्राक्षर के पहिले छोटा अङ्कुश लगाने से रेंड़ समझा जायगा जैसेः- यर टर डर शर अम्बर अंगर

३- इन यर, टर, डर, के सीधे उलटे दो दो रूप हैं इस लिये अर, स, स्व में अङ्कुश रेंड़ नहीं लगाया जाता यर ( ) टर ( ) डर ( )

भिन्न २ रूप यर टर डर के इस प्रकार काम में लाये जाते हैं:—

१- जब शब्द के आदि में यर, टर, डर हो तो मामूली साधारण रूप लिखा जाता है। जैसेः— यरबदा

२- जब ऐसे अक्षर के पश्चात् लिखना हो जो बांई ओर को लिखा जाता है तो सीधा रूप लिखा जायगा। जैसेः— चटर
चेयर जठर

३- और जब ऐसे अक्षर के बाद लिखना हो जो दांई ओर को लिखा जाता है तो उलटा रूप लिखा जायगा। जैसेः—
पीटर बेडर पौडर

४– सुन्दर और सुगम संगठन के लिये कोई सा भी रूप सीधा या उल्टा लिखा जा सकता है। जैसेः—

अटारनी यरबदा टरकाना डुपोक

"ल" अंकुश

१– बड़ा अंकुश वक्राक्षर के प्रारम्भ में 'ल' का चिन्ह है। जैसेः–



यल, टल, डल, शल, शल (उलटा) मल नल सम्बल अंगल

२– संयुक्ताक्षर शल को जैसा मौक़ा हो सीधा या उलटा लिख सकते हैं। जैसेः— मारशल कमरशल

३– यर, टर, डर की तरह यल, टल, डल, का भी उलटा रूप लिखा जाता है। जैसेः– यल टल डल

इसलिये अर, स, स्व में ले अंकुश नहीं लगाया जाता।

कुण्डल मण्डल कोयल सैयल सर्वलोग

४– यह सीधे और उलटे रूप यथा योग्य अवसरों पर लिखे जा सकते हैं। सारांश यह है कि रेखाओं का सङ्गठन सुन्दर, सुगम एवम् स्पष्ट होवे।

अभ्यास ४३



अभ्यास ४४

१ कलेक्टर, बटोरना, हन्टर, खण्डर, मरम्मत, मरघट, मुरब्बा,

२ नरसिंह, निराला, बनारस, आश्रम, सुरूप, भानुरूप, परिश्रम,

३ आङ्गिरस, नम्र, तैयार, मनीऑर्डर, शिवाङ्गिरस, मारकण्डे

४ प्रजापति, विश्वामित्र, भरद्वाज, गुट्टल, परशुराम, टरटर

प्रारम्भिक अंकुशों के साथ वृत्तों की मिलावट।

१— जिन रेखाक्षरों के साथ र अंकुश लगाया गया है, उनमें स, स्व, वृत व अण्डाकार स्त भी लगाया जा सकता है। मिलावट में वृत व अण्डाकार को अंकुश की ओर लिखते हैं और अंकुश के स्थान पर वृत व अण्डाकार बना दिया जाता है। जैसे:—

प प्र स्प्र स्त्प्र स्त्र, स्ट्र स्ज्र स्क्र स्ग्र स्तोत्र

नोट— चूंकि च्र में वृत मिलाने से बन जाता है, जो हे का रूप है इसलिये च्र में वृत नहीं लगाते।

२— जब किसी शब्द के मध्य में वृत और अंकुश दोनों आवें अथवा कोण बनाने हों तो वृत और अंकुश दोनों को स्पष्ट रूप से लिखना चाहिये। जैसे:— मिस्त्री नमस्कार केशव सेव्य सावधान शाक्लपक्ष सवारी

३— सकर, शकर, को ल, थ द ध के पश्चात इस प्रकार लिखते हैं। जैसे:— नस्कर दुष्कर तिरस्कार

४— जिन शब्दों में अंकुश की लिखावट स्पष्ट नहो तो पूरे अक्षर लिखना चाहिये। जैसे:— नेशनल काश्मीर

५— स श वृत रेखाक्षरों में ल अंकुश के पहिले और वक्राक्षरों में ल व र दोनों अंकुशों के पहिले लगाया जाता है, वृत्त को सर्वदा अंकुश के भीतर बनाते हैं। जैसे:—



सफल, सबल, सतल, सदल, सजल, सकल, सगल, सटल, सडल

समल, सम्बल, संगल, सयर, सटर, सडर, समर, सम्बर, संगर।

अभ्यास ४५



अभ्यास ४६

१ सुफल, शीतल, सुजल, सकल, शकल, बाईसिकिल, सोशल
२ ट्राईसिकिल, मुश्किल, सिंगलद्वीप, सिंगल, दस्तगीर, लुहार
३ पिस्तौल, खुशदिल, हॉस्टल, हॉस्पिटल, क्रिस्टल, शत्रु,
४ प्रेमसागर, दामनगीर, रणधीर, करुणासागर, सपरिवार,

अन्त में लगनेवाले अंकुश न, य

१- छोटा अंकुश अधोगामी रेखाक्षर के अन्त में बांई ओर और अग्रगामी तथा ऊर्ध्वगामी रेखाक्षरों के नीचे न का चिन्ह है। जैसे:-



बन, पन, तन, दन, चन, जन, कन, गन, रन, डन, ह्न, स्न,

नोट- स्न और कून तथा ह्न और में यह अंतर है कि स्न, ह्न, व, के अंकुश बड़े हैं और लन के छोटे हैं।

२- छोटा अंकुश रेखाक्षर के अन्त में अधोगामी अक्षर के दाहिनी ओर अग्रगामी और ऊर्ध्वगामी अक्षर के ऊपर य का चिन्ह है।

पय, बय, तय, दय, चय, जय, कय, गय, रय, ड़य, वय, हय,

३- छोटा अंकुश वक्राक्षर के अन्त में 'न' का चिन्ह है-

यन, टन, ड्न, सन, स्वन, शन, ष्वन, मन, नन, लन, अन, अड़न

४- न और य के अंकुशों को शब्द के मध्य में भी लिख सकते हैं,

यदि उनकी मिलावट सुगम एवम स्पष्ट हो। जैसेः—

प्रान्तीय बांदा गुह्यक यद्यपि

५- इसी तरह कभी २ दो मध्यवर्ती अंकुश मिला दिये जाते हैं। जैसेः— कनफटा रागप्रिय फरियामरीरा

६- भ्रम दूर करने के लिये आवश्यक शब्दों में न,य का पूर्ण रूप लिखकर मात्रा लगा देते हैं। जैसे—

सामान सामना विजय विजयी

७- बहुतसे शब्दों के अन्त में यो आता है उसे साधारण य अंकुश से लिखकर पढ़ लेते हैं। जैसेः— हत्या विद्या

भ्रम निवारण के लिये स्थान मात्रा का उपयोग करते हैं जिसका वर्णन आगे किया जावेगा।

८- संयुक्ताक्षरों के सीधे और उल्टे रूप इस प्रकार हैं।:—



शल शल शन शन शर शट लन वल

शल दो प्रकार से लिखा जाता और इसका एक रूप शट से मिलता (पृष्ठ ५८) शन जब उल्टा लिखा जाता है तो शर या वल का सा रूप हो जाता है जैसे नलों इसलिये उचित है कि इन संयुक्ताक्षरों का प्रयोग दूसरे अक्षरों से मिलाते हुए किया जाये अकेले न किया जाये नहीं तो पढ़ना कठिन हो जायगा। मारशल नाविल

अभ्यास ४७





अभ्यास ४८

दीवाना, राना, चिकना, चीनी, जप, पानी, टंग, डंक, पूना, प्रिय कर्मक्षय, सन्धना, अनिर्वाच्य, आद्य, दैत्य, सामान, औसान, असत्यता, पूनान, जलन, सडून, मुंडन, पल्टन, मुस्ल, उद्योग, ध्यान, बयान, मन्धान, दूकान, सूर्य्य, मगन, मांगा, साधन, स्थ, अवध्य काव्यो कार्य, सौभाग्य, महीन, मृत्यु, चौहान, कौन अध्याय, चीन, दीन, योग्य अपान, अद्वितीय, द्वितीय, न्याज्य, सामान्य, श्यामवर्णा, सत्य, नयन, साधारण

वृत्त और अन्तिम अंकुश की मिलावट

रेखाक्षरों में न अंकुश के साथ वृत्त स श वृत्त स्व ज तथा अण्डाकार स्त सत्र इस तरह मिलाये जाते हैं कि उसी तरफ अंकुश के स्थान पर वृत्त या अण्डाकार बना देते हैं। जैसे:—



पांस, फांस, बांस, तांस, थंस, जिन्स, कंस, चांस, लारेंस, ठं, कुंज, गूंज, दंश्

दो अक्षरों के मध्य में नकाम वृत्त से इङ्गित नहीं हो सकता। जैसे नस्क यह मंस्क नहीं है। इसलिये जब नस, नश शब्द के मध्य में हों तो दोनों अक्षरों के स्पष्ट चिन्ह लिखे जाते हैं। जैसे:—

धनसुख विनाशक कंसराज वंशरीति

छोटा वृत्त स श वक्राक्षरों में न अंकुश के साथ और रेखाक्षरों में य अंकुश के साथ इस तरह लिखा जाता है कि अंकुश के भीतर वृत्त को लिखते हैं



हांस, ठांस, कार्यसे जयसे केंस इंसस दयासे

सन, श्न, जन, लिखने के लिये वृत्त, स, श, ज को अक्षर पर पूरा

पूरा करके दूसरी तरफ़ बढ़ाकर एक छोटा सा अंकुश बना देते हैं। जैसे तनसन नससन आबरा नेशान भजन

यदि स की कोई मुख्य मात्रा लिखने की आवश्यकता पड़ जाय तो आ ई ऊ की मात्राएं अंकुश के बाहिर तथा ए ओ की मात्राएं अंकुश के भीतर लिखो। जैसे:—

परसों कोशिशें अवसान

स वृत्त इस 'शन' अंकुश के साथ फिर इस प्रकार मिलाया जा सकता है। जैसे:— कोशिशोंसे परसोंसे नरसोंसे

अभ्यास ४९



अभ्यास ५०

१ हवशियों, नुक़सान, नरसें, नसें, फांसें, घुसें, परेशान, बहसों
२ से, परसों, सरसों, तराशों, ख़वासें, आज़माइशें, जुम्बिशें,
३ कलसों, मोसों, पीतोश्या, मजासों, तुमसों, हमसों, बतासों
४ शिवसों, शिवासों, हतासों से, कितस्, दसें, नरसें, श्यामसों

ऊर्ध्वगामी व अधोगामी ल

जब एक शब्द कई प्रकार से लिखा जा सकता हो तो विद्यार्थी को उचित है कि उस आकृति को चुने जिसका प्रवाह सुगम हो व जिस पर मात्राएं स्पष्टता से लगाई जा सकें। इसी आशय को लेकर आगामी दो प्रकरण लिखे गये हैं।

(१) जब किसी शब्द में केवल एकाक्षर ल हो तो ऊर्ध्वगामी लिखा जाता है जैसे:— ला आलू साल लेखा

(२) जब शब्द के आरम्भ में ल आवे तो साधारणतः ऊर्ध्वगामी लिखा जाता है। जैसेः—

लेप   लट्टू   लाश   लगान   लाया

(३) निम्नलिखित दशाओं में अधोगामी ल लिखा जाता है:—

(क) जब ल के पहिले कोई स्वर हो और बाद में कोई अग्रगामी अक्षर हो जिसके सिरे पर अंकुश न लगा हो। जैसे:— उल्का   अलम्

(ख) जब ल के पश्चात् कोई वक्राक्षर वृत्त सहित आवे तो ल का प्रवाह वृत्त वक्राक्षर का प्रवाह होगा। जैसेः—

आलस्य   लैसन   लोशन   लजानी

(४) जब किसी शब्द के अन्त में ल आवे तो साधारणतः ऊपर की ओर लिखा जाता है। जैसे:- माल   अपील   गोला

(५) स क य ट ड र व ह (ऊर्ध्वगामी के पश्चात् यदि ल पर कोई मात्रा न हो तो अधोगामी और यदि मात्रा लगी हो तो ऊर्ध्वगामी लिखा जायगा। जैसेः—

शकील   शुक्ला   अयाल   प्याला   टाल

टीला   डाल   डाली   साल   रेला

दीवाल   दिवाली   हाल   हेला

(६) न ङ के बाद ल को नीचे की ओर लिखते हैं। जैसेः—

अंगुल   नीला   नील

(७) जब किसी वक्राक्षर के अन्त में वृत्त हो और उसके बाद ल आवे तो वृत्त की सीध में लिखा जावेगा। जैसेः— मशाल   नसल

(८) जब किसी शब्द के मध्य में ल आवे तो साधारणतः ऊर्ध्वगामी लिखना चाहिये परन्तु यदि सुगम आकृति बनती हो तो अधोगामी भी लिख सकते हैं। जैसेः-

गलेफ़ नीलाद मुलाम नीलाम

अभ्यास ५१



अभ्यास ५२

१ लाज, आला, लोचन, सुडौल, लचीला, नहसाली, नीलगाय
२ जंगली, सवाल, लाठी, लक्ष्य, लपसी, आलाप, लैसन्सी
३ लाख, अलग, फली, गली, चील, डाली, टोली, बोली, ख्वाब-
४ लम्ब, दानियाल, पलंग, मलंग, आलोक, दलीप, शिवलिङ्ग.
५ नैलसन, मलंगा, अनल, बलपूर्, मराल, सुसराल, रूमाल।

ऊर्ध्वगामी व अधोगामी र ड़

१- जब किसी शब्द में केवल र व्यञ्जनाक्षर हो तो (क) यदि प्रारम्भ में वृत्त वा अण्डाकार नहीं लगा और पूर्व में कोई स्वर है तो अधोगामी रूप और यदि स्वर न हो तो ऊर्ध्वगामी रूप लिखा जायगा। जैसे:-
और अर औरस रोब

अर्थात् प्रारम्भिक अधोगामी र से साधारणतः समझा जाता है कि उससे पूर्व कोई स्वर है और प्रारम्भिक ऊर्ध्वगामी र से समझा जाता है कि शब्द का प्रारम्भ र ही से हुआ है।

(ख) जब प्रारम्भ में वृत्त वा अण्डाकार लगा हो और बाद में स्वर न आवे तो अधोगामी रूप और यदि स्वर आवे तो ऊर्ध्वगामी रूप लिखा जायगा। जैसे:- सोर सारा असर स्री
शरण सिरान

(२) जब किसी आकृति में र पहिला व्यञ्जनाक्षर हो।

(क) यदि आरम्भ में स्वर हो तो अधोगामी रूप और यदि आरम्भ में स्वर न हो तो ऊर्ध्वगामी रूप लिखा जाता है। जैसे:—

अरबी रीव ओढ़नी रानी

(ख) यदि आकृति बेढंगी बनती हो तो निम्न लिखित नियमों का पालन करना उचित है और

प्रारम्भिक र के नियम लागू न होंगे।

(अ) त, द, च, ज, ट, ड, थ, कल, गल, स्क के पहिले हमेशा ऊर्ध्वगामी र लिखो। जैसे:— आरत रात उर्द

रिछ अर्चना रचना अरजी राजी

आरारोट रोटी अरबी रबि अरगल

रोगिल अरक्षित रक्षा

(आ) म के पूर्व हमेशा अधोगामी र लिखो। जैसे:—

आराम राम श्रीमान शिरोमणि

(३) जब किसी शब्द में अन्तिम व्यञ्जनाक्षर र हो।

(क) यदि र के पश्चात् स्वर न हो तो अधोगामी रूप और यदि स्वर हो तो ऊर्ध्वगामी रूप लिखा जायगा। जैसे:—

बार बोरा कीर कोरी

(ख) दो अधोगामी व्यञ्जनाक्षरों के पश्चात् र का ऊर्ध्वगामी रूप लिखा जायगा। जैसे:—

परवीर बायर

(ग) यदि आकृति बेढंगी बनती हो तो निम्न लिखित नियमों का पालन करना उचित है।

अन्तिम र के नियम लागू न होंगे

(अ) अकेले ऊर्ध्वगामी रेखाक्षर के पश्चात् हमेशा ऊर्ध्वगामी र लिखा जायगा। जैसे:— रार बार

यदि किसी ऊर्ध्वगामी रेखाक्षर के पश्चात् दो र् लगातार आवें तो इस प्रकार लिखे जावेंगे। जैसे:- हरीरा

(आ) इन आकृतियों के बाद हमेशा ऊर्ध्वगामी र लिखो।

(क) जब किसी वक्राक्षर के अन्त में हुक लगा हो। जैसे

(ख) जब किसी ऊर्ध्वगामी तथा अग्रगामी रेखाक्षर के अन्त में वृत्त लगा हो। जैसे:— यशस्कर निस्सार टस्सर रासरंग केशर

(४) जब र पर अन्तिम अंकुश लगा हो और किसी दूसरे व्यञ्जनाक्षर के पश्चात् आवे तो साधारणतः ऊर्ध्वगामी लिखा जाता है। जैसे:— पूरब करी कार्य्य

(५) जबकि शब्द के मध्य में र आवे तो साधारणतः ऊर्ध्वगामी लिखा जाता है लेकिन सुगम आकृति बनाने के लिये कोई सा भी रूप लिख सकते हैं। जैसे.— बुड़की बरसाना तैरैया मरोगी लार्क अक्षरारास अधिराम

अभ्यास ५३



अभ्यास ५४

१ आरी, रो, उसे, रूस, आर्य्या, औरिश, सरेस, आरन, यर बदा

२ रामनारायण, क्रूर, कौड़ी, राय, रूह, राज, रूरा, वीर, लड़का

३ लड़ाका, झाड़ू, उड़ीसा, अर्जुन, उजाड़, अनार, चर्चा, लड़ी,

४ राना, और ड्र, परली, भेड़, हर्रे, ताड़, इशारा, बेड़ा, क्यारी।

ट अंकुश

(१) किसी वृत्ताक्षर के अन्त में बड़ा अंकुश ट ड का चिन्ह है यह अंकुश वक्राक्षरों के अन्दर की तरफ़ लिखा जाता है जैसे:—
नट डाट मार नोट

(२) सीधे रेखाक्षरों के साथ ट अंकुश लगाने के नियम नीचे दिये जाते हैं आशय यह है रेखाक्षर की आकृति टेढ़ी न होने पावे:—

(क) यदि किसी अकेले रेखाक्षर का प्रारम्भिक सिरा ख़ाली है और अन्त में मात्रा है तो मात्रा के दूसरी ओर ट अंकुश बनाया जायगा जिससे मात्रा के लगाने में सुविधा हो। जैसे:—पीट कीट

(ख) जब किसी रेखाक्षर के प्रारम्भिक सिर पर अंकुश, वृत्त अथवा अण्डाकार हो तो ट अंकुश को दूसरी तरफ़ बनाना चाहिये। जैसे:—
क्रीट सपाट

(ग) जब य अथवा ल (ऊर्ध्व) क अथवा ग के पूर्व आवें तो ट अंकुश य और ल के दूसरी ओर बनाया जायगा। जैसे:—लुकाट

